तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 25 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण पर विशेष जोर



11 कॉलेज के स्टूडेंट्स ने ई-रिक्शा चालकों को गुलाब ...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

# जिले में अवैध परिवहन, उत्खनन, भंडारण पर पर प्रभावी नियंत्रण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में अवैध परिवहन /उत्खनन /भंडारण की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई है। बैठक का आयोजन जिला खनिज विभाग ने किया। समय सीमा बैठक के बाद हुई। जिला खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर ने खनिज संबंधी कार्रवाई और पेनल्टी वाहन जप्ती संबंधी जानकारी दी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों अवैध खनन की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई करें। इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय करते हुए टीमें भेजकर निरंतर निगरानी की जाए। उन्होंने ज़िले में खनिजों के अवैध उत्खनन,परिवहन तथा भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में मौजूद संबंधित सदस्यों अधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने अवैध रूप से खनिजों की ओवर लोडिंग कर सड़कों पर चलने के कारण होने वाले नुक़सान बचाने के लिए ज़िले के सभी एसडीएम व पुलिस, जिला परिवहन और खनिज विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से ऐसे सभी ओवर लोडिंग वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिये।

- अवैध रूप से खनिजों की ओवर लोडिंग वाहनों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स की हुईं बैठक




### औचक छापमार कार्रवाई करने के निर्देश

उन्होंने ज़िले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित अधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कार्रवाई करने की निर्देश के साथ अनियमितता पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर निल बाजपेयी, डीएसपी राजेश कुमार झा,जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन आदि उपस्थित थे।कलेक्टर श्री पी.एस.शर्मा ने जिला परिवहन अधिकारी को को नियमित रूप से अवैध खनिजों के परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## खबर संक्षेप

### लुकुराम साहू बने जनभागीदारी अध्यक्ष

**साजा।** देवी प्रसाद चौबे महाविद्यालय में जन भागीदारी अध्यक्ष के पद पर लुकुराम साहू की नियुक्ति की गई। श्री साहू की नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, रोहित ठाकुर, लेखराम, पूरन साहू, नारद देवगन व राजू शर्मा ने उन्हें बधाई दी।



### मजदूर महिला को हाइड्रा क्रेन ने ठोका, मौत

**भिलाई।** मजदूर महिला कंपनी के लिए पानी लेकर वापस लौट रही थी। इस दौरान हाइड्रा चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए महिला को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। अस्पताल पहुंचने पर महिला को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प 2 निवासी जय प्रकाश देवांगन ने शिकायत किया है कि मां ठगिया बाई देवांगन गोपाल इन्डस्ट्रीज फौजी नगर में मजदूरी काम करती है। काम कर कंपनी से पानी लेने बाहर निकली थी। पानी लेकर वापस कंपनी जा रही थी। तभी फौजी नगर चौक में एक हाईड्रा क्रेन बिना नंबर के चालक ने चपेट में लिया। ठगिया बाई को गंभीर रुप से घायल होने से कमर, दोनो जांघ में चोट आई।

### स्कूटी चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** स्कूटी चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गोपाल कृष्ण गुप्ता शीतला कालोनी कृष्णा ग्रांड सिटी ब्लॉक न0 जी/21 कोहका में रहते है। उनकी सफेद रंग की स्कूटी सीजी-07 एएफ 2803 को भतीजी अलिशा गुप्ता शांति नगर सड़क न0 2 के पास खड़ी करके निकल गया था। जब लौटकर आया तो उसकी स्कूटी गायब मिली। आसपास खोजबीन करने के बाद वाहन नहीं मिलने पर शिकायत पुलिस से किया गया। मुखबिर की सूचना पर 18 नंबर रोड़ पर आटोडील की दुकान में वाहन बेचने की फिराक में युवक घूम रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोहका निवासी रितिक रोशन को पकड़ा गया।

## सियासत : जिला भाजपा कार्यलिय में आपात काल पर हुई प्रेसवार्ता

# आपातकाल, कांग्रेस के लोकतंत्र पर कुठाराघात को 50 साल हुए पूरे : बाफना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की रात आधी रात को भारत में आपातकाल लागू दिया गया यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह कारण नहीं बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताश में लिया गया निर्णय था ।उक्त बाते जिला भाजपा कार्यालय में आपात काल के 50 वर्ष के पूर्व संध्या पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कही । उन्होंने आगे कहा कि

कांग्रेस के इस काले अध्याय में न केवल लोकतंत्र संस्थाओं को रौंदा बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता न्यायपालिका के निष्पक्षता और नागरिकों की मौलिक अधिकारों को कुचलकर स्पष्ट कर दिया गया कि जब-जब उनकी सत्ता में संकट होती है वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने के पीछे नहीं हटते । पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कहा कि आज 50 साल के बाद भी कांग्रेस इसी मानसिकता के साथ चल रही है आज भी इसी तरीकों का बदलाव हुआ है नियत आज भी वैसी तानाशाही वाली है उन्होंने कहा कि भ्रष्ट आचरण और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आधार पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश खन्ना ने इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया गया था साथ ही 6 साल तक उसे किसी भी निर्वाचन पद पर रहने के लिए अयोग्य करार दिया गया है इसके बाद राजनीतिक स्थिति तेजी से बढ़ी जिसे घबराकर उन्हें आंतरिक अशांति का हवाला देकर राष्ट्रपति शासन लागू किया गया है रातों-रात प्रेस की बिजली काट दी गई नेताओं को बंदी बना दिया गया पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि आपातकाल की घोषणा से पहले उसे समय न कोई युद्ध की स्थिति थी ना कहीं विद्रोह था ना कहीं बाहरी आक्रमण हो रहा था सिर्फ इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के चुनावी सदस्यता रद्द करने की निर्णय को निष्क्रिय करने और अपनी कुर्सी को बचाने की ज़िद थी जिस संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी इस संविधान की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया और चुनाव में दोषी पाए जाने के बाद नैतिकता से इस्तीफा देने की बजाय पूरी व्यवस्था को कठपुतली बना कर रखने का षड्यंत्र रच दिया गया कांग्रेस ने कार्यपालिका विधायिका न्यायपालिका सहित लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को बंधक बनाकर सत्ता के आगे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया थाप्रेस की स्वतंत्रता पर ऐसी हमला हुआ कि बड़े-बड़े अखबार की बिजली काट दी गई सेंसरशिप लगाई गई और पत्रकारों को भी जेल में डाल दिया गया।

आज भी कांग्रेस शासित राज्यों में कानून व्यवस्था का यही हाल है यहां विरोध का दमन धार्मिक तुष्टिकरण और सत्ता का अहंकार खुलेआम दिखता है यह सब आपातकालीन सोच की ही उपज है मीसा जैसे काले कानून के जरिए एक लाख से अधिक नागरिकों को बिना किसी मुकदमे की जेल में ठूंस दिया जिसमें जयप्रकाश अटल बिहारी वाजपेई कृष्ण आडवाणी मुरली मनोहर जोशी राजनाथ सहित वरिष्ठ विपक्ष नेता पत्रकार को भी शामिल किया गया आपातकाल के दौर में इंदिरा गांधी ने जस्टिस एच आर खन्ना जैसी ईमानदार जज को सीनियर होने के बाद भी मुख्य न्यायाधीश नहीं बनाया क्योंकि उन्होंने सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया था कांग्रेस सरकार ने प्रेस काउंसलिंग ऑफ इंडिया तो तक को भंग कर दिया ताकि कोई भी संस्थान उनकी सेंसरशिप और मीडिया पर हमले की आलोचना न कर सके।



**ये रहे उपस्थित** पत्रकार वार्ता में विधायक दीपेश साहु,जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहु, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला संयोजक हर्ष तिवारी ,नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित भाजयुमो अध्यक्ष परमेश्वर नरेंद्र वर्मा, मोंटी साहु ,रोशन दत्ता उपस्थित थे ।

# जिले में निरंतर बढ़ती चोरियों को देखते हुए बैंक व एटीएम की बढ़ाई गई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बड़ी चोरियों से आम जनजीवन में डर का माहौल बन गया है। घरों, दुकानों और गोदामों के साथ अब चोर बैंक और एटीएम की सुरक्षा को भी चुनौती देने लगे हैं। हालात को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश जारी किए हैं।

एसएसपी के निर्देश पर जिलेभर के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को बैंकों एवं एटीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। पुलिस अधिकारियों को चेकिंग एवं सतत पेट्रोलिंग के आदेश दिए गए हैं। पुलिस की टीम द्वारा जिले के सभी बैंकों और एटीएम केंद्रों में गहन चेकिंग की जा रही है। बैंक में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की जानकारी रखी जा रही है। सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में हैं या नहीं, यह जांचा जा रहा है। बैंक का समय तय हो, सायरन कार्यरत हो, और बैंक अधिकारियों के पास नजदीकी थाना, पुलिस कंट्रोल रूम व आपातकालीन नंबर उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

साथ ही बैंक में हेलमेट, नकाब या स्कार्फ पहनकर प्रवेश करने पर रोक लगाने की भी सख्त हिदायत दी गई है। इसके लिए नोटिस बोर्ड लगाने के निर्देश हैं। रात्रिकालीन समय में बैंक परिसरों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था भी अनिवार्य की गई है।

इन सख्त निर्देशों की पृष्ठभूमि में जिले में हो रही चोरियों की लंबी फेहरिस्त है। बीते सप्ताह बेमेतरा शहर,नवागढ़, बेरला, साजा सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी के कई वारदात सामने आए है। लगातार सामने आ रही इन वारदातों से लोगों में दहशत और नाराजगी दोनों है। व्यापारी और आम नागरिक अब पुलिस से गश्त बढ़ाने, रात्रि गश्त को सख्त करने और सक्रिय कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।




- एसएसपी के निर्देश पर जिलेभर के थाना और चौकी प्रभारियों ने किया निरीक्षण

# सिंहरौर कुर्मी समाज के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने विधायक दीपेश साहू से की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिंहरौर कुर्मी समाज के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल आज बेमेतरा विधायक दीपेश साहू से सौजन्य मुलाकात हेतु उनके निवास कार्यालय पहुँचा।

- समाज की एकजुटता ही उसकी पहचान : विधायक

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष खेम सिंह वर्मा, सचिव ललित वर्मा, कोषाध्यक्ष हेम सिंह वर्मा सहित समाज के वरिष्ठजन रामसहाय वर्मा,लीलाराम वर्मा, कमलेश वर्मा, शेखर वर्मा, दया सिंह वर्मा एवं मोहन वर्मा सहित अन्य शामिल रहे। विधायक दीपेश साहू ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा समाज की एकजुटता और जागरूकता ही उसकी सशक्त पहचान होती है। सिंहरौर कुर्मी समाज बेमेतरा ने जिस प्रकार संगठित होकर सामाजिक जागरूकता और सेवाभाव को आगे बढ़ाया है, वह प्रशंसनीय है। मुझे विश्वास है ▶▶| शेष पेज 11 पर



# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जन चौपाल में कलेक्टर रणवीर शर्मा ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 44 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।

- जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुए 44 आवेदन

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील बेरला के ग्राम किरकी के निवासी ओमसिंह ने अपनी लगानी भूमि से कब्जा हटवाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ के वार्ड नं. 4 महामाया पारा निवासी इन्दुरानी कुम्भकार ने खनिज विभाग के द्वारा जारी नोटिस को निरस्त कर जप्त ईट को मुक्त करने के संबंध में आवेदन दिया ▶▶| शेष पेज 11 पर



## समाज प्रमुखों, समाजसेवी संस्थान एवं जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से होगा निःशुल्क प्रवेश

# समाधान महाविद्यालय में इस सत्र से निःशुल्क अध्ययन करेंगी 100 निर्धन छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय में समाधान नारी सशक्तिकरण योजना के तहत विभिन्न समाज, समाजसेवी संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से महिला सशक्तिकरण व गरीब छात्रों के कल्याण के लिए निःशुल्क अध्ययन कराने से संबंधित आवश्यक बैठक दस समाज प्रमुखों एवं सांसद एवं विधायक प्रतिनिधियों के साथ समाधान महाविद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया।

समिति की अध्यक्ष डॉ. अलका तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह कर बेटियों की शिक्षा के लिए निःशुल्क शिक्षण उपलब्ध करा रहा है। यह नारी सशक्तिकरण की दिशा में आवश्यक कदम है। महाविद्यालय के डायरेक्टर एवं सचिव डॉ. अवधेश पटेल ने निःशुल्क प्रवेश के संबंध में पूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गरीब छात्राओं को निःशुल्क शिक्षण प्रदान करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया हैं ताकि शिक्षा से वंचित छात्राओं को आगे बढ़ने का मौका मिले। इस वर्ष विभिन्न संकाय जैसे- बीकॉम, बीएससी, बीसीए,पीजीडीसीए, डीसीए, पी जी डिप्लोमा इन योग एंड फिलासफी, आईटीआई कोपा एवं स्टेनो कोर्सेज में साहू समाज, कुर्मी समाज, लोधी समाज, ब्राम्हण समाज, धोबी समाज, सतनामी समाज, गोड़ समाज, मुस्लिम समाज, सेवा भावी संस्थान श्रीराम रसोई, सहयोग संस्था, विधायक एवं सांसद के अनुशंसा पर उपरोक्त सभी संकायों में उल्लेखित समाज एवं संस्थानों द्वारा गरीब छात्राओं के लिए प्रत्येक संकायों में एक-एक सीट एवं समाधान टैलेंट सर्च इग्जाम द्वारा 4 छात्रों को निःशुल्क प्रवेश सुविधा दी जा रही हैं। इस तरह सभी संकायों में कुल 100 सीट निःशुल्क पढ़ानें का निर्णय समाधान महाविद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा अपने सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए सेवार्थ लिया गया है। आगामी वर्षों में बेमेतरा जिले के अन्य समाज एवं सेवाभावी संस्थायों को सभी शामिल करने की योजना हैं।



### इस प्रकार हैं प्रवेश नियम

डॉ पटेल ने बताया कि 12 वीं में न्यूनतम 60%, गरीबी रेखा का राशन कार्ड ,प्रमाण पत्र, केवल छात्रा को ही निःशुल्क प्रवेश दिए जाने एवं छात्रा नहीं होने की स्थिति में छात्र को प्रवेश देने, विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय के नियमानुसार 80% उपस्थिति अनिवार्य बताए। यह अधिकार पत्र केवल वर्तमान सत्र 2025-26 के लिये मान्य होगा डिग्री में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी आगामी 3 वर्ष तक निःशुल्क अध्ययन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में बेमेतरा जिले के नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहें। उन्होंने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि समाधान महाविद्यालय की ओर से यह एक ऐतिहासिक कदम ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कारेसरा रोड में भटक रही अज्ञात महिला को सखी वन स्टॉप सेंटर ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीती रात करीब 11:30 बजे सामाजिक कार्यकर्ता हरीश कुमार चौहान द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रभारी राखी यादव को सूचना दी गई कि कारेसरा रोड क्षेत्र में एक अज्ञात मनोरोगी महिला भटक रही है, जो मानसिक रूप से अस्थिर प्रतीत हो रही है और अपना नाम-पता भी नहीं बता पा रही है।

- न्यायालयीन आदेश के बाद भेजी गई सेंदरी मानसिक चिकित्सालय

सूचना मिलते ही केंद्र प्रभारी राखी यादव के नेतृत्व में केस वर्कर सीमा यदु एवं सुरक्षा कर्मी एकता कुर्रे ने तत्परता से मौके पर पहुंचकर महिला को रेस्क्यू किया और सखी वन स्टॉप सेंटर लाया गया। महिला की स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाकर प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच करवाई गई। जांच के उपरांत चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर महिला को बिलासपुर स्थित सेंदरी मानसिक रोगी चिकित्सालय रेफर किया गया।

हालांकि, 21 और 22 जून को शनिवार एवं रविवार का अवकाश होने के कारण मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी का रेफरल आदेश प्राप्त नहीं हो सका। इसके पश्चात सोमवार 23 जून को पैरा लीगल वकील रामेश्वरी साहू द्वारा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी से विधिक आदेश प्राप्त किया गया।न्यायलयीन आदेश प्राप्त होने के बाद केस वर्कर सरिता शर्मा एवं सुरक्षा गार्ड कुंती द्वारा उक्त महिला को विधिवत सुरक्षा एवं सम्मानपूर्वक सेंदरी मानसिक रोगी चिकित्सालय, बिलासपुर में भर्ती कराया गया। सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा की गई इस संवेदनशील एवं मानवीय पहल की जिले में सराहना की जा रही है। महिला की सुरक्षा, उपचार एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन एवं सेंटर की टीम द्वारा उठाया गया यह कदम समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



# भारतमाला परियोजना से प्रभावित 250 से अधिक किसानों ने लगाई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजनांदगांव के टेडेसरा से रायपुर के अभनपुर तक बनने वाले सिक्सलेन कारीडोर में बडे पैमाने पर गडबडी सामने आने के बाद दावा बीस जून तक दावा आपत्ति मंगाई गई थी, जिसमें अब तक जिले से ढाई सौ से अधिक जमीन मालिको ने भूमि अधिग्रहण को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। बहरहाल निराकरण कब तक किया जाएगा, इसे लेकर स्पष्ट निर्देश नही दिए गए है।

उल्लेखनीय है कि, भारतमाला परियोजना में रायपुर की तरह दुर्ग में भी बडे पैमाने पर गडबडी की गई है। जिसे लेकर जिले के प्रभावित किसानों ने सडक पर उतरकर आंदोलन भी किया था। किसानों के लगातार दबाव के बाद ही दावा आपत्ति की प्रक्रिया विगत छः जून से शुरू की गई थी। इस दौरान आखिरी मियाद बीस जून निर्धारित थी, जिसमें ढाई सौ से अधिक ने दावा आपत्ति लगाया है। हांलाकि इससे पहले भी प्रभावितो ने मुआवजे को लेकर सवाल उठाया था। उस दौरान भी करीब डेढ सौ प्रभावित जमीन मालिको ने संभागायुक्त कोर्ट (आर्बिटेशन) में केश लगाया था। उसकी भी सुनवाई की जा रही थी। बहरहाल दावा आपत्ति किए जाने के बाद प्रभावित किसान निराकरण को लेकर इंतजार कर रहे है।

## भू-अर्जन में इस तरह की गड़बड़ी उजागर, जिसकी अब तक नहीं की गई जांच

**केस 1**

### एक जमीन का अलग प्रकरण

ग्राम धनोरा के पहनं 39 के खसरा नंबर 289/17 में 0.027 हेक्टेयर (दो सौ वर्गमीटर) जो पांच सौ वर्गमीटर से कम है। इसका निर्धारण हेक्टेयर में किया गया हैं। जबकि पांच सौ वर्गमीटर से किया जाना था। जबकि धनोरा पहनं 39 में ही 289/5 में दर्ज इतने ही जमीन का 0.027 हेक्टेयर का निर्धारण वर्गमीटर में किया गया हैं। इस तरह भू अर्जन अधिकारी द्वारा एक ही जमीन का अलग-अलग प्रकरण तैयार किया हैं।

**केस 2**

### राशि गलत तरीके से बांटी गई

खसरा नंबर 116/3 में अर्जित रकबा (मुआवजे के लिए) 0.0340 हेक्टेयर हैं। इसे 340 मीटर दर्शाने के बजाय इस खसरे में दर्ज टोटल जमीन 0.1090 हेक्टेयर यानि 1090 वर्ग मीटर दर्शाकर 31 लाख 40 हजार 691 रूपए मुआवजा दिया गया हैं। ठीक इसी गांव में खसरा नंबर 116/6 में अर्जित रकबा 130 वर्गमीटर का उल्लेख करने के बजाय कुल रकबा 230 वर्गमीटर दर्शाकर की गणना कर 6 लाख 62 हजार 714 रूपए गलत तरीके से बांट दिए गए। इसी गांव में 116/13 खसरा नंबर में दर्ज अर्जित रकबा 250 वर्गमीटर के बजाय कुल रकबा 290 वर्गमीटर दर्शाया गया हैं।

**केस 3**

### उमरपोटी में भी सामने आई खामी

उमरपोटी के पहन 42 खसरा नंबर 116/1 का 116/14 रकबा 0.0200 है। विगत आठ नवंबर 2024 को हेक्टेयर में यह 0.001 और वर्गमीटर में पहले दस वर्गमीटर दर्शाया गया। जबकि इसी जमीन का थ्रीडी प्रकाशन के बाद फिर से 17 अप्रैल 2025 को सौ वर्गमीटर बता दिया गया और 12 लाख 28 हजार का मुआवजा राशि बनाया गया। इसमें 116/1 खसरे से 116/14 अलग करके प्रकरण बनाया गया। पहले 28814 रूपए बताया गया और दुसरे बार में 12 लाख 28 हजार बताया गया।

### करेंगे निराकरण

भारतमाला परियोजना को लेकर ढाई सौ करीब आपत्ति आए है। सभी का निराकरण किया जाएगा। इसमें कम मुआवजा मिलने जैसे शिकायते अधिक है।

**-सत्यानारायण राठौर,** संभागायुक्त दुर्ग

## खबर संक्षेप



### मेयर ने किया सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

**दुर्ग।** मेयर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर व निगम अधिकारी और ठेकेदार के साथ कैलाश नगर में बन रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उन्होंने सीसी सड़क निर्माण स्थल पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग और सड़क की उचित तराई पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने ठेकेदार को सड़क निर्माण के नियमों का पालन करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सड़क निर्माण के बाद उचित तराई की जाए और सड़क को मजबूती देने की दिशा में कार्य करें। सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा के सभी उपाय किए जाएं।

### 50वीं वर्षगांठ का आयोजन आज

**दुर्ग।** 25 जून 1975 में लोकतंत्र की पूर्व सरकार द्वारा हत्या की गई थी और आपातकाल लगाया गया था इसकी 50वीं वर्षगांठ 25 जून को पूर्ण हो रही है जिसे लेकर भाजपा द्वारा तैयारियां तेजी से की जा रही है। आयोजन को लेकर आज जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी आएंगे। कार्यक्रम को लेकर वे इसकी विस्तार से जानकारी देंगे। पार्टी द्वारा तैयारी की जा रही है।

### भसीन की पुण्यतिथि पर 92 ने किया रक्तदान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डां.रमन सिंह ने कहा है कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक विद्यारतन भसीन जीवनभर लोगों की सेवा करते रहे। उनका परिवार सिर्फ घर तक सीमित नहीं था। कार्यकर्ता, समाज और पार्टी तक उनका परिवार था। यही कारण है कि हम उन्हें आज सेवा शिविर के माध्यम से याद कर रहे हैं। डां. रमन सिंह सोमवार को यहां पूर्व विधायक स्व. विद्यारतन भसीन की दूसरी पुण्य तिथि पर लोकभारती स्कूल के सामने गायत्री मंदिर मैदान में भसीन परिवार द्वारा आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मंच पर सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय,वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, जिला भाजपाध्यक्ष अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक और स्व. भसीन की पत्नी चंदर भसीन, और पुत्री दिव्या भसीन मक्कड़ आदि भाजपा नेता मंच पर उपस्थित थे।

## पीड़ा : सात साल पुराने कर्ज को लेकर अचानक किसानों से हो रही रिकवरी

# खाते में घपला: फोन कर कह रहे कर्ज की राशि बकाया, सकते में किसान

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधीन आने वाले अंडा ब्रांच के सोसायटियों में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। वर्ष 2018-19 में कर्ज लेने वाले किसानों को सात साल बाद फोन कर कर्ज की राशि बकाया होने की सूचना दी जा रही है। जिससे हड़बड़ाए किसानों में हड़कंप की स्थिति निर्मित है। सोसायटी से फोन आने के बाद सवाल यह है कि, अगर कर्ज की राशि बकाया थी, तो सात साल से नियमित लेन देन कैसे हो रहा था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जानकारी अनुसार अंडा, रिसामा, विनायकपुर, चिंगरी और अछोटी जैसे सोसायटी के किसानों से अब तक शिकायत सामने आई है। रिसामा के किसान योगेश चंद्राकर ने बताया कि, इतने पुराने कर्ज को लेकर मौखिक तौर पर सूचना दी जा रही है।

टिकेन्द्र साहु ने बताया कि, उन्हे भी सोसायटी से फोन आया था। वहां जाने पर पता चला कि, डीएमआर खाते में कर्ज की राशि बकायदा दिखाया जा रहा है। इसी तरह से सौरभ चंद्राकर ने भी बताया कि, रिसामा सोसायटी से उन्हे भी फोन आया था। किसानों ने बताया कि, जिन्हें फोन कर कर्ज की राशि बकाया होना बता रहे है, वे लगातार बैंक से लगातार नियमित केसीसी खाते से लेनदेन कर रहे है। किसानों का आरोप है कि, बैंक के अधिकारियों द्वारा गडबडी की गई है, जिसके चलते कर्ज की राशि भुगतान होने के बाद भी शेष दिखाया जा रहा हैं। इस संबंध में ब्रांच मैनेजर नीतू शर्मा का कहना है कि, इस तरह की शिकायत उन्हें नही मिली है।

### सात साल पुराने कर्ज को लेकर किसानों से कर रहे संपर्क

#### डीएमआर खाते से हो रही किसानों को परेशानी

अंडा के किसानों ने बताया कि, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और सहकारी समिति के अधिकारियों की गलती के चलते किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसानों को कर्ज पटाने के लिए फोन आ रहा है, जो 2018-19 में लिया गया था। उनके खातों को सहकारी समितियां में कर्ज पट चुका है। बता दिया गया था। उसके बाद अचानक से वसूली के लिए फोन आ रहा है। जिससे किसान परेशान है, यह गलती कर्मचारियों अधिकारियों की है। किसान खेती करें कि, सोसाइटियों के चक्कर लगाए।




#### मौखिक जानकारी देकर बुला रहे

अंडा सोसायटी में ही करीब सौ से अधिक किसानों का खाता बकाया बताया जारहा है। जिसके बाद किसानों को मौखिक फोन कर बुलाया जा रहा है। जबकि नियमतः अगर कर्ज की राशि बकाया है तो पत्र जारी किया जाना था। लेकिन सोसायटी के कर्मचारी किसानों को फोन के जरिए बुलाकर कर्ज खाता का निपटारा भी कर रहे है। अंडा सोसायटी में अब तक तीस खातों का निपटारा भी किया जा चुका है।

#### कर्ज माफी में हुई भारी गड़बड़ी

जानकारी अनुसार राज्य में कांग्रेस की सत्ता आने के दौरान मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने कर्जमाफी की घोषणा की थी। इस दौरान उन्होने अल्पकालीन कर्ज में राहत देते हुए कर्ज भी माफ किया था। उस दौरान किसानों के खाते से कर्ज का ब्यौरे में गडबडी किए जाने की बात सामने आ रही है। सात साल बीतने के बाद अब किसानों के खाते को खंगाला जा रहा है। अगर प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच कराई जाए तो सोसायटी प्रबंधक कटघरे में आ सकते है।

#### किसान परेशान

वर्ष 2018-19 का कर्ज बकाया होने की सूचना किसानों को दी जा रही है। आधा दर्जन से अधिक किसानों को फोन आ चुका है। जिससे किसान परेशान हो रहे हैं।

**-विक्की मिश्रा,** पूर्व जनपद सभापति दुर्ग

#### सोसायटी से पता चलेगा

कर्ज बकाया होने संबंधी जानकारी सोसायटी से मिल जाएगी। ब्रांच में अभी तक इस तरह की शिकायते नही मिली हैं।

**-एसके जोशी,** सीईओ, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग

# निजी भूमि से अवैध कब्जा हटाने जनदर्शन में गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जनदर्शन कार्यक्रम में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 138 आवेदन प्राप्त हुए। जिसके निराकरण का निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए।

■ जनदर्शन में 138 आवेदन प्राप्त, निराकरण के निर्देश

भिलाई के सेक्टर-5 स्थित बीएसपी यूनिट-24 में निवासरत कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से बारिश के मौसम में बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। रहवासियों का कहना है कि, वे कई वर्षों से अस्थायी-स्थायी रूप से इन आवासों में रह रहे हैं। बीएसपी द्वारा इन मकानों को "डैमेज आवास" की श्रेणी में डालकर बेदखली की कार्यवाही की जा रही है, जिससे दर्जनों परिवार खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर हो रहे हैं। बारिश के मौसम में इस तरह की कार्रवाई से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

एक अन्य मामले में भिलाई निवासी ने निजी भूमि पर बने वैध सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटाने की गुहार लगाई। आवेदक ने बताया कि रास्ते पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिससे उनकी ज़मीन तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में तहसीलदार द्वारा कब्जा हटाने आदेश पारित किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। इससे आवेदक को मानसिक तनाव और दैनिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### आंगनबाडी के पास से घुरवा से बच्चे परेशान

ग्राम मोरिद के वार्ड क्रमांक 39 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के पास बने घुरवा को हटाने की मांग स्थानीय पार्षद ने की है। पार्षद ने बताया कि, उक्त स्थान पर भैंस खटाल का गोबर फेंका जाता है, जिससे बारिश के मौसम में सड़न, बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। वार्ड 15 सिकोला बस्ती, दुर्ग के निवासियों ने दुर्ग-धमधा मार्ग पर स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल और पुलिस नाका चौक के पास गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाने की मांग की है। नागरिकों ने बताया कि इस सड़क पर तेज रफ्तार में वाहनों का आवागमन होता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विशेषकर सिकोला बस्ती के प्रवेश द्वार और पास ही स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास राहगीरों और मरीजों को भारी परेशानी होती है।

## साइंस कॉलेज में प्रवेश की दूसरी सूची जारी

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में प्रवेश की द्वितीय सूची जारी की गई है। जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 724 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। बी.एससी प्रथम सेमेस्टर (गणित) समूह में सामान्य वर्ग के लिए कटआफ प्रतिशत 62.8, अन्य पिछड़ा वर्ग 55, अ.ज. वर्ग 50.2 तथा अ.ज.जा. वर्ग के लिए 53.4 रहा। इसी प्रकार बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में सामान्य वर्ग के लिए कटआफ प्रतिशत 72.4, अन्य पिछड़ा वर्ग 65, अ.ज. वर्ग 57 तथा अ.ज.जा. वर्ग के लिए 55 रहा। वहीं बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में जारी द्वितीय सूची के अनुसार सामान्य वर्ग कटआफ प्रतिशत 62.6, अन्य पिछड़ा वर्ग 60, अ.ज. वर्ग 42.4 तथा अ.ज.जा. वर्ग के लिए 45 प्रतिशत रहा।



## खैरझिटी सबस्टेशन की बढ़ाई क्षमता, 9 गांवों में दूर होगी बिजली की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

उपभोक्ताओं एवं किसानों को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत सप्लाई देने के लिए विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाई जा रही हैं।

■ दो हजार उपभोक्ता होंगे लाभान्वित



इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा विभागीय संभाग अहिवारा के अंतर्गत स्थित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र सबस्टेशन खैरझिटी में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता 3.15 एमव्हीए से बढ़ाकर 5 एमव्हीए किया गयाए। कार्य पूर्ण होने से उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले 9 ग्रामों के लगभग 2100 उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी। पूर्व से सबस्टेशन में एक नग 5 एमव्हीए एवं एक नग 3.15 एमव्हीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित थे, जिनमें से एक नग 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 05 एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस कार्य से उपकेंद्र की क्षमता बढकर 10 एमवीए हो गई है, जिससे ओवरलोड की समस्या का निराकरण हो गया है।

यह कार्य लगभग 46 लाख 65 हजार रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। मुख्य अभियंता ने उक्त कार्य को क्षेत्र में उपभोक्ताओं एवं किसानों के हित में सतत विद्युत आपूर्ति के लिए सराहनीय बताते हुए कहा कि 33/11 केव्ही सबस्टेशन खैरझिटी में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने से ग्राम खैरझिटी डिहिपारा, भाटाकोकड़ी, घोटवानी, मुड़पार, धुमा, रौंदा, परसकोल एवं बिरेभाट के लगभग 2100 किसान एवं उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

## फर्स्ट बटालियन की सड़क का डामरीकरण, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 60 में सीमेंटीकरण सड़क बनाने विधायक गजेन्द्र यादव ने महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, स्थानीय पार्षद नीरा खिचारिया व नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। दुर्ग की सभी सड़कों पर आवागमन बेहतर बनाने प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जा रहा है। गौरतलब है कि चुनाव के पूर्व क्षेत्र की जनता ने सड़क खराब होने के कारण आने जाने में हो रही समस्या से अवगत कराते हुए डामरीकरण की मांग की गई थी। जिससे आवागमन बेहतर हो सके। आज भूमिपूजन के साथ चुनावी वादे का पूरा होने पर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा वार्ड 60 में 50 लाख की लागत से वीर कोमल द्वार से प्रशासनिक भवन तक सड़क का डामरीकरण करने भूमिपूजन किया। मौके पर देवनारायण चंद्राकर, साजन जोसफ आदि मौजूद थे।

## निगम सम्पत्ति कर की राशि में 6 फीसदी की मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर पालिक निगम राजस्व विभाग अमला द्वारा टैक्स पटाने पर 6 फीसदी की छूट दी जाएगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्ति कर की राशि में 6 फीसदी की छूट दी हैं। अफसरों ने बताया कि करदाता आज से ही इस छूट का फायदा उठा सकते हैं, वहीं 30 जून के पहले करदाता अपनी संपत्ति का ब्यौरा दे सकते है। महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि संपत्ति कर पर टैक्स पटाने पर छः फीसदी छूट दी गई हैं, छूट वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम ने शहरवासियों को संपत्ति कर पटाने पर 6 प्रतिशत की छूट दी जा रही। छूट मिलने का लाभ करदाता अवश्य उठाये। महापौर ने कहा कि, 6 फीसदी छूट का लाभ लेते हुए सभी अपना टैक्स जमा करे। साथ ही महापौर और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वसूली में गति लाने टीम बनाकर बड़े बकायादारों के पास डोर टू डोर संपर्क करने कहा है।

## मौसम विभाग ने चेताया, तीन दिन बाद बारिश के आसार

# हल्की बारिश, पारा दो दिन से स्थिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में मानसून की बेरूखी जारी है। सोमवार को जिले के कुछ हिस्सों में हल्की फुहारें पड़ी, इसके चिपचिपी और उमसभरी गर्मी और बढ़ गई। इसने लोगों को बेचैन किया। बता दें कि पिछले दो दिनों से जिले का मौसम स्थित है। अधिकतम 34.4 डिग्री पर ठहरा हुआ है, जो सामान्य से लगभग दो डिग्री कम है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिनों में बारिश की संभावना बन रही है। बता दें कि 15 जून के बाद से छत्तीसगढ़ में मानसून की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ गई थी। अब मौसम विभाग ने सरगुजा सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में और बस्तर सहित दक्षिण छत्तीसगढ़ के 13 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।



### 25 के बाद जिले में अच्छी बारिश के संकेत

मौसम विभाग के मुताबिक जिले में 25 जून के बाद अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग ने बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ-कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अगले चार-पांच दिनों तक पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी। दुर्ग के अलावा बेमेतरा, कबीरधाम में अनेक स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।

### दिनभर छाए रहे बादल कहीं-कहीं बूंदाबांदी

इधर दुर्ग में सोमवार को दिन में बादल छाए रहे, दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इसकी वजह से उमसभर गर्मी बढ़ गई। धूप नहीं खिलने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की, लेकिन चिपचिपी गर्मी ने उन्हें बेचैन रखा। मौसम विभाग के मुताबिक ओडिशा के तटीय इलाके में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय हुआ है। इसके आगे बढ़ने और ज्यादा प्रबल होने की संभावना है। आगामी 72 घंटों में इसके छत्तीसगढ़ की सीमा तक पहुंचने की संभावना है। इससे दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना बन रही है।

## हरिभूमि अभियान को लेकर रुंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज और ट्रैफिक पुलिस सामने आए

# कॉलेज के स्टूडेंट्स ने ई-रिक्शा चालकों को गुलाब का फूल देकर ट्रैफिक रूल्स के लिए किया अवेयर

### चालकों को वर्दी पहनने और क्षमता से अधिक सवारी न ढोने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ई-रिक्शा के खिलाफ हरिभूमि अभियान को लेकर रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज और ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को घड़ी चौक सुपेला में अभियान चलाया। कॉलेज के छात्रों ने जहां ई-रिक्शा चालकों को गुलाब का फूल देकर ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा के नेतृत्व में 175 से ज्यादा ई-रिक्शा चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। साथ ही ई-रिक्शा में बैठी सवारियों से भी अपील की कि वे ई-रिक्शा चालकों से नियमों का पालन कराएं। ऐसा नहीं करने पर पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत करें। इसके अलावा सड़क पर चल रहे ई रिक्शा चालकों की लापरवाही के चलते कई हादसे शहर में हो चुके हैं। इसे लेकर रुंगटा के छात्र-छात्राओं ने ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए चालको को रोक कर उन्हें गुलाब फूल सौंपा। इस दौरान चालको ट्रैफिक नियमों का पालन कड़ाई से करने की जानकारी भी दी। घड़ी चौक सुपेला में सोमवार की सुबह ई रिक्शा चालको को गुलाब फूल देकर ट्रैफिक का पाठ पढ़ाया गया। इसके अलावा ई रिक्शा चालको को सत्यापन करा कर जोन बाटने की जानकारी भी दी गई। ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए ऑपरेशन सुरक्षा अभियान भी चला रही है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस, रुंगटा कालेज के विद्यार्थी मौजूद थे।







### ट्रैफिक पुलिस ने 175 ई-रिक्शा चालकों को दी समझाइश

एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि सोमवार को अभियान के तहत 175 ई रिक्शा चालकों को समझाइए दी गई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी कर्मचारी, रूंगटा कॉलेज के टीचर, छात्र-छात्राएं मौजूद थी। चालको को वाहन चलाते समय वर्दी पहनने, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने, बिना लाससेंस के वाहन ना चलाने ई वाहन चलाते समय आते-आते नियमों का पालन करने, ई रिक्शा चालको को गुलाब फूल देकर समझाईश दी। आने वाले दिनो मे जिले में संचालित सभी ई रक्शिा चालकों का सत्यापन कर जोन बाटा जाएगा।

### रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने ट्रैफिक पुलिस को भी किया सम्मानित



ई रिक्शा चालकों के लिए सडक के चार प्रमुख बिंदुओं पर ट्रैफिक पुलिस काम कर रही है। जिसमें सडकों के चौक चौराहो पर अभियात्रिकी त्रुटि को दूर करना, सडको से अतक्रिमण एवं अवैध कब्जा को हटाना, वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना प्रमुख है। ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम में सडक हादसों से होने वाली मौत के कारण और लापरवाह चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। रुंगटा कॉलेज की तरफ से डायरेक्टर महेंद्र श्रीवास्तव, डीन सत्यधर्म भारती, एल्बर्ट जॉन वर्गीस, रेज राय सहित कॉलेज के 50 से ज्यादा स्टूडेंट्स मौजूद थे।




### हरिभूमि का यह प्रयास अच्छा लोगों को अवेयर होना चाहिए



"हरिभूमि का यह प्रयास अच्छा है। समाजसेवी संस्थाओं को भी लगातार आगे आकर इस प्रकार से ट्रैफिक नियमों की जानकारी को लेकर लोगों को अवेयर करना चाहिए। ताकि वाहन चालक नियमों का पालन करे, जिससे हादसों में कमी आए।

**ऋचा मिश्रा**, एएसपी ट्रैफिक दुर्ग




### सिंटर प्लांट्स के कर्मियों ने किया रक्तदान



**भिलाई।** जेएलएन अस्पताल सेक्टर नौ के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट सामूहिक द्वारा भिलाई क्लब में वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिंटर प्लांट-2 एवं सिंटर प्लांट-3 के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने शिविर में 32 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रवींद्रनाथ ने शिविर मे उनके योगदान की सराहना की । सीजीएम बीके बेहेरा राजीव पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, सेफी अध्यक्ष एनके.बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह तथा व बीएसपी एससीएसटी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कोमल प्रसाद आदि उपस्थि थे। शिविर के दौरान सिंटर प्लांट-3 के रमेश कुमार एवं ब्लड बैंक समूह के पांडेय द्वारा प्रस्तुत संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### बच्चों का मुंह मीठा कर मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला आमटी भाठा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों का गुलाल लगाकर, मुंह मीठाकर स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री विष्णुदेव साय के बच्चों के लिए दिए गये संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत आमटी की सरंपच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी तथा पंचगण जानकी साहू, खिलेश्वरी साहू, योगिता साहू, लेखराम साहू, भारती सेन, जानकी साहू, सावित्री साहू, सोनिया साहू, मानसिंह साहू, देव कुमार साहू, मोहन लाल, जसवंत वर्मा तथा शाला के शिक्षकगण चेतन लाल साहू, संगीता पाण्डेय, उतरा साहू, शकुन साहू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने बच्चों को संदेश दिया कि अपने शिक्षक गणों सम्मान करना और स्कूल में पढ़ाई अच्छे से करना जिसमें स्कूल का और गांव का नाम रोशन हो। सरकार को अब ज्यादा से ज्यादा शिक्षा में ध्यान देना चाहिए, ताकि बच्चों का भविष्य बने गांव गांव में तो रोड, भवन, बहुत बन गये है लेकिन शिक्षा की ओर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना होगा।

## खबर संक्षेप



### बीएफ-8 ने 1 मिलियन टन हॉट मेटल का उत्पादन किया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने परिचालन उत्कृष्टता का रिकार्ड कायम किया है। मात्र 118 दिनों में 1 मिलियन टन (10 लाख टन) हॉट मेटल उत्पादन पूरा करने का अब तक का सबसे तेज़ कीर्तिमान है।
यह रिकार्ड उसके 17 मिलियन टन से 18 मिलियन टन संचयी उत्पादन यात्रा का हिस्सा है, जिसमें इस इकाई ने सेल)की समकक्ष इकाइयों के बीच प्रदर्शन का मानक लगातार ऊँचा किया है। सेल की अन्य इकाइयों को 18 मिलियन टन उत्पादन को हासिल करने में राउरकेला इस्पात संयंत्र के बीएफ-5 को 2800 दिन और इस्को स्टील प्लांट के बीएफ-5 को 3123 दिन लगे। इस उपलब्धि पर आयोजित कार्यक्रम में सीजीएम तापस दासगुप्ता व मनोज कुमार ने कर्मियों की हौसलाआफजाई की।

### नगपुरा में जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में स्थित प्राकृतिक एवं योगोपचार संस्थान श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आरोग्यम उत्सव, आरोग्यम रत्न अलंकरण एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव विशेष अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर (राजू) यादव और सरपंच ग्राम पंचायत नगपुरा सरोज रिगरी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे डॉक्टरों का सम्मान किया गया।

### ओए ने निकाली साइकिल रैली सेहतमंद रहने का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन-बीएसपी द्वारा योग दिवस के साथ साइकिल रैली का आयोजन कर स्वस्थ रहने का दिया संदेश दिया गया। प्रगति भवन में में पदाधिकारी तुषार सिंहयोग प्रशिक्षक नरेंद्र पटेल राजेश तिवारी व ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर न योग करवाया। इसके अलावा साइकिल रैली' का आयोजन किया गया ।

रैली' सेक्टर-9 चौक से प्रारंभ किया गया जो, स्टील क्लब चौक, ग्लोब चौक, परिवार चौक व शहीद उद्यान से होते हुए प्रगति भवनमें समाप्त हुई है। रैली में साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग के महासचिव विनायक चन्नावार, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, आलोक दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## डेंगू और मच्छरजनित रोग की होगी रोकथाम, अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीएसपी टाउनशिप में मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि की रोकथाम के लिए सोमवार से अभियान शुरु हुआ। इस अभियान के तहत, इस्पात नगरी के आवासों का सर्वे, निरीक्षण, दवाओं का वितरण, छिड़काव और फॉगिंग शुरू की गई है। आज 23 जून को सेक्टर-1 में पूर्व पार्षद रश्मि सिंह की उपस्थिति में जीएम केके यादव आदि विभागीय लोग उपस्थित थे।

■ लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई



जिस भी घर में डेंगू या मच्छरों का लार्वा पाया जाएगा और निवासियों की लापरवाही पाई जायेगी तो ऐसे घरों के निवासियों पर पेनाल्टी लगाने का प्रावधान किया गया है। बारिश से पहले टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में पोर्टेबल फॉगिंग, वाटर फॉगिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग और दवाओं के स्प्रे का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। जन स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा विभिन्न टीमों के साथ घरों का निरीक्षण कर कूलर और जल से भरे हुए विभिन्न पात्र जैसे बर्तन, ड्रम, टंकियां, जानवरों के लिए रखे गये खाने और पानी के बर्तन आदि को खाली करवाया जा रहा है। इस सर्वे के साथ जल एकत्र होने वाले स्थानों की सफाई एवं वहाँ दवाइयों का छिड़काव कर और टेमीफॉस दवा का वितरण भी किया जा रहा है।

## सेल में पचास हजार प्रति टन उत्पादन के बाद भी मुनाफा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ बीएकेएस ने कहा सेल कर्मियों की लटकी मांगें

सेल ने कंपनी के उत्पादन लागत तथा बिक्री मूल्य का आँकड़ा जारी किया है। बीएकेएस यूनियन ने कम मुनाफे सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मियों की मांगें अब तक लंबित हैं। यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि सेल के सभी पाँच एकिकृत स्टील प्लांटो में सबसे अधिक उत्पादन लागत दुर्गापुर स्टील प्लांट का तथा सबसे कम उत्पादन लागत बोकारो स्टील प्लांट का आया है। यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि एक टन उत्पाद लागत तथा बिक्री के बीच औसतन 7 हजार टन का लाभ आने तथा 17 मिलियन टन बिक्री होने के बाद भी मुनाफा मात्र 3000 करोड़ रुपया है। । दिनप्रतिदिन उत्पादन में नया किर्तिमान बनाया जा रहा है, जिसकी घोषणा सेल तथा उसकी यूनिट प्रबंधन खुद करते रहती है , एबीटा तक आँकड़ा भी काफी अच्छा रहता है लेकिन उसके बाद कर पूर्व लाभ तथा कर पश्चात लाभ एबीटा का मात्र 25% ही रह जाता है , जो कही न कही सेल के आडिट रिपोर्ट पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है । सेल का एबिटा इस वर्ष भी 11000 करोड़ रुपया से अधिक है, फिर भी कर पूर्व लाभ मात्र 3000 करोड़ रुपया ही प्रदर्शित किया गया है । प्रत्येक वर्ष 6000-7500 करोड़ रुपया कैपेक्स में खर्च किया जा रहा है। कर्मियों के मेहनत से कमाए पैसे को कैपेक्स मे लगाया जा रहा है ।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में हड़ताल के लिए यूनियन एकजुट

**भिलाई।** सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में राष्ट्रव्यापी हश्रम कानूनों में परिर्तन के खिलाफ केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर भिलाई की 7 ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रूप से 9 जुलाई की हड़ताल के लिए बीएसपी के निदेशक प्रभारी को हड़ताल का नोटिस दिया । संयुक्त यूनियन ने यह भी तय किया है कि श्रम संहिताओं में परिवर्तन की जानकारी कर्मियों को देकर जागरुक किया जाएगा। ताकि वे स्वेच्छा से हड़ताल में शामिल हो सकें। भिलाई के इंटक,एटक, एचएमएस, सीटू ,एक्टू लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन ने सोमवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज को महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध के द्वारा हड़ताल का नोटिस दिया । नोटिस में सयू ने कहा कि देश की 10 केंद्रीय ट्रेड और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों के आह्वन पर आयोजित राष्ट्रीय कन्वेंशन के आह्वान पर 9 जुलाई को श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन पर रोक लगाने और अन्य जन विरोधी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर हम सभी यूनियनों ने आम हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है।

### सिंहरौर कुर्मी समाज के ...

कि नई कार्यकारिणी समाज को नई दिशा देने में सफल होगी। मेरी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ हैं। इस भेंट के दौरान समाज की ओर से संगठनात्मक योजनाओं, सामाजिक कार्यक्रमों एवं भावी लक्ष्यों पर भी विधायक से विचार-विमर्श किया गया। विधायक ने समाज की हर सकारात्मक पहल में सहयोग का भरोसा दिलाया।

### जनदर्शन में कलेक्टर ...

तहसील नवागढ़ के ग्राम गनियारी निवासी गौरी बाई साहू प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की द्वितीय किश्त की राशि दिलाने के संबंध आवेदन दिया, तहसील बेरला के ग्राम जामगांव निवासी तिहारू राम साहू ने बैटरी चलित ट्राईसायकल दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के वार्ड नं. 13 सिघौरी के निवासी शकुन बाई साहू ने पट्टा दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम हेमाबंद के निवासी सुनीता कोशले का आवास प्लस की सूची से काट दिया गया उसे वापस सूची में नाम जोड़ने और नाम काटने वाले के ऊपर कठोर कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन दया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर सी.ई.ओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष

### समाधान महाविद्यालय में इस ...

उठाया गया है, जिसमें 100 गरीब छात्राओं को निःशुल्क शिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी विभिन्न समाज के अध्यक्ष, सहयोग संस्थान तथा विधायक व सांसद को सौंपा गया हैं। निश्चित रूप से, उन गरीब परिवार के छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। महाविद्यालय एक अच्छी सोच के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है जिसकी सफलता आने वाले दिनों में जरूर देखने को मिलेगी। मानवतीर्थ किरीतपुर के संरक्षक डॉ. साधन भट्टाचार्य ने बताया कि समाज के विभिन्न कर्मठ लोगों के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा का लाभ जनमानस को प्राप्त होगा। शिक्षा हमें सामाजिकता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। समाज के अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि व समाजसेवी संस्थाओं को निःशुल्क प्रवेश से संबंधित अधिकार पत्र प्रदान किया गया। अंत में, महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी कॉलेज ने डिग्री एवं आई टी आई की सीटों का 20% निःशुल्क देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया हैं। इस वर्ष कुछ समाज के जिलाध्यक्ष व सेवा संस्थान को शामिल किया है, इसके पश्चात अगले वर्ष अन्य समाज एवं अन्य सेवाभावी संस्थाओं को भी इसमें शामिल करेंगे।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में महाविद्यालय की कोषाध्यक्ष गणेश वर्मा, उपाध्यक्ष सीता वर्मा, सहसचिव स्वाति पटेल, सांसद प्रतिनिधि हर्षवर्धन तिवारी, विधायक प्रतिनिधि खेमलाल गुप्ता, सहयोग संस्थान के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौबे व डॉ.एल. आर. साहू एवं विभिन्न समाज के जिलाध्यक्ष कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, लोधी समाज के गोवेन्द्र पटेल, रजक समाज के अनिल रजक, सतनामी समाज के राजा लाल बंजारे, ब्राह्मण समाज के जितेंद्र शुक्ला, मुस्लिम समाज के समीर एवं मोहम्मद फिरोज मलकानी, आदिवासी गोंड समाज के एच.आर. ध्रुव, एवं साहू समाज एवं श्रीराम रसोई के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने इस पहल को अनुकरणीय और जिले को गौरवान्वित करने वाला पहल बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी एवं समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ जी.डी. मानिकपुरी, निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, रूपेंद्र डहरिया, नंदनी वर्मा, स्वाति पटेल, राजेश गजपाल, राजेंद्र वर्मा, प्रीति शर्मा, गायत्री राजपूत, अंशु दत्ता, हरीश कुमार पटेल, जोगेंद्र साहू, धर्मपाल नोन्हारे व रितेश साहू सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण


रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप

### कामठी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विकासखंड में वनांचल क्षेत्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में शाला प्रवेशोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारिका विश्वकर्मा, ग्रापं सरपंच लकेश यादव, संतराम मेश्राम के उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के तैलचित्र में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व चाकलेट खिलाकर स्वागत किया गया साथ ही साथ सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच द्वारा बच्चों को नए सत्र की बधाई व शुभकानाएं देते हुए कहां इस क्षेत्र के सभी कक्षा 8वीं के उत्तीर्ण विद्यार्थी जल्द से जल्द दाखिल लेकर शिक्षा अध्ययन करें कोई भी विद्यार्थियों ना छूटे इस बात पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आरएन राजपूत, व्याख्याता राजेश शर्मा, हीरालाल छापरिया, मनोज आदित्य, तुलस चंद्राकर, व्यायाम शिक्षक कोमल धृतलहरें, प्रधान पाठक भगवान सिंह, शिक्षक यशवंत कुम्भकार, सुमित पाण्डेय, हरीश यादव, कर्मचारी रमेश मरावी, दीपक, शैलेन्द्र परस्ते व छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### उपस्वास्थ्य केन्द्र कोयलारी में डायरिया कंपेन का स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश साहू के मार्गदर्शन मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिंभौरी के उपस्वास्थ्य केंद्र कोयलारी मे सोमवार को स्टॉप डायरिया कंपेन के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डायरिया के रोकथाम के उपाय, जन-जागरूकता फैलाने के बारे मे विस्तार से चर्चा कर मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे मे बताया गया। शिविर के दौरान घर-घर जाकर स्वस्थ्य टीम द्वारा लोगों को जन-जागरूक करते हुए खान-पान के बारे मे विस्तार से परिचर्चा किया गया एवं बीमारियों के बारे मे बचाव हेतु बताया गया साथ ही साथ वय वंदन कार्ड बनाने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। जिसमे स्वास्थय विभाग की ओर से ग्रामीण चिकित्सा सहायक मदन सिंह, मनोज चंद्राकार, श्रीमती सुभद्रा चंद्राकर और सीएचओ, आरएचओ, मितानिन ने सेवाएं दिए।

### अभ्युदय विद्यालय में किया गया एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग



**हरिभूमि कवर्धा।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित नगर के कोलाहल से दूर संस्कारक्षम वातावरण में स्थित अभ्युदय स्कूल में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग के तत्वधान में माध्यमिक विभाग से लेकर उच्चतर माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं एकेडमिक हेड, उपप्राचार्य सहित अभ्युदय परिवार ने योग प्राणायाम किया। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, अपितु यह जीवन को संतुलित, स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण बनाने की एक पद्धति है। इस दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जन-जागरूकता और नियमित अभ्यास की भावना विकसित करना है। प्रातःकालीन सभा के पश्चात विद्यालय परिषर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के योग प्रशिक्षक श्रीमती ज्योत्सना परिहार, अमित कुमार एवं विक्रम साहू के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, भुजंगासन, गतिचक्र, कपालभांति, बज्रासन जैसे विविध आसनों का अभ्यास कराया गया। योग कर्मसु कौशलम् गीता का यह वाक्य इस दिवस की सार्थकता को और भी सशक्त बनाता है। इस अवसर पर संस्था के एकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने अपने उद्बोधन में योग, प्राणायाम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य हेतु लाभदायक सिद्ध होगा, बल्कि उनमें मानसिक स्थिरता, अनुशासन और आत्म-नियंत्रण की भावना को भी प्रबल करेगा। साथ ही उन्होंने उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सरेखा स्कूल में ससम्मान व विदाई समारोह आयोजित



**हरभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक गोपाल पटेल, श्रीमती रंजीता वर्मा को युक्तियुक्तकरण के तहत अन्य विद्यालय में सम्मान में विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधान पाठक अनिल कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती नीता पटेल ने मां सरस्वती पूजन कर शिक्षक को विद्यालय परिवार ने पुष्पहार से अभिनंदन कर स्मृति चिन्ह बैठकर सम्मानित किया। निरंतर नव वर्षो से पदस्थ शिक्षक की शैक्षणिक क्षेत्र में प्रशंसा पूर्ण उपलब्धियां बताई गई, विद्यालय में पदस्थ शिक्षक अविनाश चंद्रवंशी, श्रीमती शहीदान खान, राजेश कुमार पांडेय ने संबंधित शिक्षक के महत्वपूर्ण व्यवहार एवं अध्यापन कला को विस्तार पूर्ण चित्रित किया। विदाई सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त सीएसी दिलीप सिंह ठाकुर को विद्यालय परिवार ने श्री ठाकुर के संकुल को शैक्षिक गुणवत्ता की दिशा में किए गए प्रयासों, उनके कार्य योजना एवं उनके द्वारा किए कार्यो को चित्रित करते हुए श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त श्री ठाकुर ने नए शिक्षा सत्र में नव प्रवासी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए समस्त शिक्षकों से गुणवत्ता वर्ष में पालकों से सम्मेलन एवं प्रत्येक बच्चों का कक्षा अनुरूप दक्षता की पंजी-संधारित कर मारवाड़ बच्चों का प्रगति रिपोर्ट फलों के समक्ष रखने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन अविनाश चंद्रवंशी ने किया,श्री श्रीवास्तव के आभार व्यक्त उपरांत मां सरस्वती वंदना के सामूहिक गान से कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता में कवर्धा के 10 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बेसबॉल एमेच्योर फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 33वीं जूनियर बेसबॉल राष्ट्रीय स्तरीय बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन उत्तरप्रदेश के गढ़मुक्तेश्वर शहर में 27 जून से 01 जुलाई तक होने जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीम सम्मिलित हो रही है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालक टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से हिमेश दास मानिकपुरी, कृष सिन्हा, भावेश चंद्रवंशी, सोहम सिंह, लक्ष्य लांझी, आरुष महोबिया और बालिका वर्ग में संध्या कौशिक, शीनू चंद्रवंशी, चांदनी साहू और सुखवंतीन जांगड़े कुल 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिस पर अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी के खिलाड़ी विगत 12 वर्षों से खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है और प्रदेश व जिले का नाम भी रौशन कर रहे है। इस नए सत्र के शुरुआत में ही अकेडमी के खिलाड़ी कृष सिन्हा, पंकज मेरावी और चांदनी साहू का चयन जूनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है, जिसमें चांदनी साहू ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं हाल ही में बेसबॉल के खिलाड़ी संध्या कौशिक को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया, जो जिले के लिए गौरव की बात है। इसी तरह जूनियर बेसबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 09 जून को बिलासपुर के छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में आयोजित हुआ, जिसमे कवर्धा की बालक टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जिससे इनका चयन छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष के नेतृत्व में बेसबॉल जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया, जो कबीरधाम जिला व विद्यालय के लिए गौरव की बात है साथ ही अब उत्तरप्रदेश में पदक लगाकर प्रदेश व विद्यालय का नाम रौशन करेंगे।

### जिले के पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की



इस प्रतियोगिता हेतु खैरागढ़ जिला वनमण्डल अधिकारी दिलराज प्रभाकर एवं कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए आर्थिक सहयोग किया है, जिससे यह खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सके और राष्ट्रीय स्तर पर पदक लगाकर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रौशन करे। जिस पर जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी ने खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें बधाई प्रेषित किए साथ ही उन्हें इस राष्ट्रीय स्तर पर पदक लगाकर आने के लिए प्रेरित किए इसके साथ ही राजनांदगांव लोकसभा सांसद सचिव गजराज सिंह ठाकुर एवं श्याम चकोर ने भी सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। जिसमें नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी निखिल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, रायपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के महासचिव मिताली घोष, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ फाउंडर मेम्बर मृत्युंजय शर्मा, अकेडमी संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमैन पवन देवांगन, प्रभारी कवर्धा खेल युवा कल्याण विभाग अधिकारी महेंद्र गुप्ता, स्कूल शिक्षा विभाग प्रभारी जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, वरिष्ठ समाज सेवी अतुल देशलहरा व समस्त खिलाड़ियों ने उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बैठक : वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है प्राथमिकता

# धरती आबा अभियान से आदिवासियों में पहुंचेगी योजनाओं की रोशनी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान जिले में संचालित राज्य शासन की प्राथमिकता योजनाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से भारत सरकार द्वारा आदिवासी अंचलों के समग्र विकास के लिए प्रारंभ किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति पर फोकस किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि सरकार की योजनाओं से अब तक वंचित विशेष पिछड़ी जनजातियों एवं आदिवासी परिवारों को शिविरों के माध्यम से लाभ पहुंचाया जाए। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से कार्य करना होगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि धरती आबा अभियान के अंतर्गत 15 से 30 जून तक प्रस्तावित शिविरों की समय-सीमा को बढ़ाकर अब 15 जुलाई तक कर दिया गया है, जिससे अभियान को और अधिक विस्तार दिया जा सकेगा। जिले में अब तक 42 शिविरों का आयोजन हो चुका है और शेष 275 आदिवासी बहुल ग्रामों में जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाने हैं। बोड़ला के 226, पंडरिया के 41, सहसपुर लोहारा के 7 और कवर्धा विकासखंड के 1 ग्राम इस अभियान में शामिल हैं। 15 जुलाई तक समय बढ़ाये जाने के बाद शिविरों की संख्या और बढ़ जाएगी।



### जन-जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया

कलेक्टर ने सक्रिय मानसून और कृषि कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को मौसमी एवं जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही मीडिया एडवाइजरी जारी कर ग्रामीणों को सावधान करने के भी निर्देश दिए। बरसात के समय सांप एवं अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के काटने पर त्वरित उपचार के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। उन्होंने जिले में खाद-बीज की मांग के अनुसार भंडारण, परिवहन और अग्रिम उठाव पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। वहीं मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए वन, शिक्षा, आदिम जाति, कृषि, महिला एवं बाल विकास सहित संबंधित विभागों को निर्देशित किया।



# समीक्षा बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ टेमरी ग्राम के समग्र विकास हेतु विभागीय समन्वय पर कलेक्टर का निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। यह कार्य प्री रिविजन एक्टिविटीज के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक मतदान केन्द्र में अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा के अनुरूप मतदान को सुलभ, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाना है। संबंधित अधिकारी निर्देशानुसार कार्य करें।

बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश के महामहिम द्वारा ग्राम टेमरी को गोद लिया गया है, जो उन्होंने कहा उसे संबंधित सभी विभाग मिलकर ग्राम के समग्र विकास हेतु समन्वित प्रयास करें। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से अतिक्रमण हटाने हेतु उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही, मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि जनसामान्य को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में उन्होंने "संविधान हत्या दिवस" के रूप में कल जून 2025 को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंडी परिसर, बेमेतरा में सायं 4 बजे आयोजित कार्यक्रम की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मानसून को दृष्टिगत रखते हुए धान संग्रहण केन्द्रों में भंडारित धान को समुचित ढंग से ढककर सुरक्षित रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य की षष्ठम विधानसभा का षष्ठम सत्र 14 जुलाई (सोमवार) से 18 जुलाई 2025 (शुक्रवार) तक आहूत किया गया है। इस दौरान शासन एवं उच्च कार्यालयों से प्राप्त होने वाले प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में तैयार कर प्रेषित करना अत्यंत आवश्यक है। सत्र अवधि में जिले के समस्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा। केवल अति आवश्यक स्थिति में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति से ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता एवं उत्तरदायित्व निभाने के निर्देश दिए।

### सर्वर ठप, खाता धारक परेशान ग्रामीण बैंक की लचर व्यवस्था से खेती-किसानी पर असर

**कुई कुकदूर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की कुई कुकदूर शाखा में बीते 15 दिनों से सर्वर समस्या के चलते आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में जब किसानों को अपनी जमा पूंजी की सबसे अधिक जरूरत होती है, बैंक की यह तकनीकी असफलता उन्हें भारी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार लाइन में घंटों इंतजार करने के बाद भी खाता से पैसे नहीं निकल पा रहे। इसके साथ ही केवाईसी की प्रक्रिया भी ठप पड़ी है, जिससे नई सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

# प्राथमिक शाला सोनचिरैया में उत्साहपूर्वक मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**थानखम्हरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला सोनचिरैया में मंगलवार को नन्हें विद्यार्थियों के स्वागत के लिए हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया गया, जिससे पूरे परिसर में ज्ञान और संस्कार का वातावरण बना। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच देवराज वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में एवं उपसरपंच रत्नावली संजय साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुकेश साहू, उपाध्यक्ष जगदीश साहू, रामेश्वर साहू, रघुनाथ साहू, मोहित साहू, पंचगण, पालकगण एवं शिक्षकगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। विद्यार्थियों को तिलक लगाकर गणवेश, प्रसाद व मिठाई का वितरण किया गया। बच्चों के लिए विशेष भोज की व्यवस्था की गई जिसमें मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता द्वारा खीर, पुड़ी व मटर-आलू की स्वादिष्ट सब्जी परोसी गई। प्रधानपाठक खेमलाल वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अभिभावकों, अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### राम्हेपुर मुख्य मार्ग पर जलभराव, आवागमन बाधित

**बरबसपुर।** बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर कला से चंदलपुर जाने वाली मुख्य मार्ग में पक्की नाली निर्माण के अभाव में मुख्य मार्ग में जलभराव से ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना कर पड़ रहा है। बताया जाता है कि मुख्य सड़क में घुटने तक बारिश व घरों से निकलने वाली गंदा पानी पक्की नाली निर्माण कार्य के अभाव में जलभराव से ग्रामीणों व छात्र छात्राओं को आवाजाही करने में भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में जिले के चार खिलाड़ियों का चयन, एसपी ने बढ़ाया हौसला

# एसपी ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को दी आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के चार होनहार खिलाड़ियों जिसमें हिमेश दास मानिकपुरी, कृष सिन्हा, भावेश चंद्रवंशी एवं लक्ष्य लांझी को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए सम्मानित करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। ये सभी खिलाड़ी उत्तरप्रदेश के गढ़मुक्तेश्वर में 27 जून से 01 जुलाई तक आयोजित 33वीं जूनियर बेसबॉल राष्ट्रीय स्तरीय बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन बेसबॉल एमेच्योर फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, डीएसपी सिद्धार्थ सिंह चौहार, एएसआई रामाधार यादव, कोच राजा जोशी सहित खिलाड़ी गण उपस्थित थें। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले के होनहार खिलाड़ी हमारी असली पहचान और भविष्य की अमूल्य धरोहर हैं। इन युवाओं की कठिन मेहनत, अनुशासन, समर्पण और जुझारूपन ही जिले को खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिला रहा है। यह गर्व का विषय है कि खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में लगातार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। कबीरधाम पुलिस न केवल कानून व्यवस्था के प्रति उत्तरदायी है, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी सदैव अग्रसर है। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और उन्हें आवश्यक संसाधनों, मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। हमारी कोशिश है कि जिले के प्रत्येक प्रतिभाशाली खिलाड़ी को ऐसा मंच मिले, जहां से वह न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता की उड़ान भर सके। कबीरधाम पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक युवा खेलों की ओर प्रेरित हों और जिले के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य को भी गौरवान्वित करें। पुलिस प्रशासन भविष्य में भी खिलाड़ियों के उत्साह-वर्धन हेतु हरसंभव प्रयास करता रहेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411